Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 16-05-2006

Participants : Patel Shri Kishanbhai Vestabhai

an>

Title : Need to construction of a bridge at Khairgaon crossing on Mumbai-Ahmedabad National Highway in Gujarat.

श्री किसनभाई वी.पटेल (बलसाड़) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सड़क परिवहन और राट्रीय राजमार्ग मंत्री का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र बलसाड़ से खैरगांव और डांग जाने वाले गुदलाव चौराहे पर मेरे संसदीय क्षेत्र के नागरिकों को हो रही परेशानियों की ओर दिलाना चाहता हूं।

मुम्बई-अहमदाबाद राट्रीय राजमार्ग पर पुल नहीं होने के कारण इस राट्रीय राजमार्ग में बलसाड-खैरगांव रोड पर गुदलाव चौराहे पर दुर्घटना होना मेरे क्षेत्र की जनता के लिए आम घटना की तरह हो गयी है। वलसाड से डांग और गुन्दलाव गुजरात इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट कारपोरेशन जाने या उधर से आने वाले हजारों लोगों को इस राट्रीय राजमार्ग को क्रॉस करके आना-जाना पडता है। इस चौराहे पर यातायात बहुत अधिक है, किंतु चौराहे पर पुल नहीं बनवाना बहुत दुर्भाग्य की बात है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि मुम्बई-अहमदाबाद राट्रीय राजमार्ग पर गुदलाव खैरगांव चौराहे पर दिल-प्रतिदिन होने वाली दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए बिना किसी विलम्ब के एक पुल के निर्माण का निर्देश माननीय मंत्री जी संबंधित अधिकारियों को शीघ्रातिशीघ्र देने की कृपा करें।